Child Safe Organisations National Principles

बच्चों के लिए सुरक्षित संगठन: माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए गाइड

माता-पिता या देखभालकर्ता के रूप में आप अनेक संगठन देखेंगे जहाँ आपके बच्चे की देखभाल की जाएगी ,जहाँ वे खेलेंगे ,सीखेंगे , नए कौशल विकसित करेंगे और अन्य बच्चों और वयस्कों से मिलेंगे। यह गाइड आपको यह सोचने में मदद करेगा कि प्रत्येक संगठन कैसे काम करता है तथा बच्चों के लिए उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ कैसी हैं।

बच्चों को भावनात्मक और शारीरिक सुरक्षा का अधिकार होता है। बच्चों को नुकसान से बचाए रखने में सभी की भूमिका होती है। नुकसान कई रूप में हो सकता है ,जैसे कि दुर्घटनापूर्ण जख़्म ,शारीरिक जोख़िम के प्रति अरक्षितता ,डराना धमकाना , नजरअंदाज करना ,भावनात्मक दुर्व्यवहार ,शारीरिक दुर्व्यवहार और यौन उत्पीड़न। बच्चों को सेवाएँ प्रदान करने वाले या उनके साथ काम करने संगठन, चाहे वे कर्मचारियों या स्वयंसेवकों द्वारा संचालित होते हों, का कर्तव्य होता है कि बच्चों को सुरक्षित रखें और उनके अधिकारों का सम्मान करें।

जब आप किसी संगठन का मूल्यांकन करते हैं कि वह आपके बच्चे के लिए उपयुक्त है या नहीं यह गाइड आपको उन क्षेत्रों की सलाह देता है जिनके बारे में आप विचार कर सकते हैं , खोजबीन और पूछताछ कर सकते हैं। गाइड बच्चे के लिए सुरक्षित संगठन के तत्वों पर आधारित है ,जैसा कि बच्चे के लिए सुरक्षित संगठनों हेतु राष्ट्रीय सिद्धांतों में निर्धारित है। ख़ासकर ,सिद्धांत 3 परिवारों और समुदायों के सूचित रहने , तथा बाल सुरक्षा और स्वास्थ्य का प्रचार करने में शामिल रहने के महत्व पर जोर देता है।

आपके मुलाकात करने या शामिल होने से पहले

मुलाकात करने या शामिल होने से पहले संगठन के बारे में पता लगाना अच्छा विचार है।

- **उनसे संपर्क करे**
- **उनकी वेबसाइट पर जाएँ**
- **दूसरे माता-पिताओं और देखभालकर्ताओं से बात करें।**

ध्यान देने वाली बातें:

- संगठन का संचालन कौन करता है तथा बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए कौन जिम्मेदार है ?उदाहरण के लिए निदेशक ,प्रबंधन समिति या स्वयंसेवक।
- संगठन से जुड़े बच्चों की आयु क्या है और यह आपके बच्चे को कैसे प्रभावित कर सकता है?
- क्या आप संगठन से जुड़े दूसरे माता-पिताओं या देखभालकर्ताओं को तथा उनके विचारों के बारे में जानते हैं?
- संगठन आपके बच्चे की व्यक्तिगत जरूरतों और परिस्थितियों को कैसे पूरा करेगा ?उदाहरण के लिए , अक्षमता या सांस्कृतिक जरूरतें।
- क्या कोई बाल सुरक्षा और स्वास्थ्य नीति ,आचार संहिता , या कर्मचारी ,स्वयंसेवक और बच्चे के लिए आचरण के नियम हैं?
- क्या कर्मचारी और स्वयंसेवकों की बच्चों के साथ काम करने की जाँच या पृष्ठभूमि जाँच हुई है?

जब आप मुलाकात करते हैं

यदि आप कर सकते हों ,तो अलग-अलग समय पर जाएँ ,ताकि आपको संगठन के काम करने के तरीके की अच्छी समझ हो जाए।

ध्यान रखने वाली बातें:

- क्या बाल सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ,या बाल सुरक्षा के प्रति सार्वजनिक प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है?
- क्या वास्तविक परिवेश सुरक्षित प्रतीत होता है? उदाहरण के लिए ,क्या बच्चे हर समय देखे जा सकते हैं? क्या जगह साफ , सुव्यवस्थित और सुप्रकाशित है?
- कर्मचारी और स्वयंसेवक बच्चों के साथ कैसे काम करते हैं ? उदाहरण के लिए ,क्या वे बच्चों के लिए पहुँचने योग्य होते हैं तथा सक्रिय रूप से जुड़े होते हैं?

पूछने वाली बातें:

- क्या बच्चों की पर्याप्त देखरेख की जाती है ?उदाहरण के लिए , कर्मचारी/स्वयंसेवक और बच्चे के बीच अनुपात।
- क्या कर्मचारी और स्वयंसेवक प्राथमिक उपचार ,बाल सुरक्षा , और अनिवार्य रिपोर्टिंग जैसे क्षेत्रों पर नियमित रूप से प्रशिक्षण पाते हैं?
- क्या बच्चों को निजी सुरक्षा ,उनके अधिकार और इस बारे में बताया जाता है कि वे सहायता के लिए कहाँ जा सकते हैं?
- संगठन बच्चों के आचरण संबंधी चुनौतियों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया करते हैं ?उदाहरण के लिए ,क्या कोई लिखित आचरण संबंधी दृष्टिकोण है?
- क्या कोई नीति है कि बच्चे केवल अधिकृत व्यक्तियों को सौंपे जाएँगे?
- क्या देरी से छोड़ने तथा जल्दी ले जाने से संबंधित कोई नीति है ?उदाहरण के लिए ,माता-पिता या देखभालकर्ता से बच्चे के ठिकाने के बारे में पता लगाना ;छोड़ने या ले जाने के सामान्य समय में परिवर्तनों के बारे में संगठन को सूचित करने की प्रक्रिया।
- बाल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइट पर आने वाले आगंतुकों और ठेकेदारों की निगरानी कैसे की जाती है?
- बच्चे ,माता-पिता और देखभालकर्ता कैसे ,और किसे अपनी चिंताएँ बता सकते हैं या शिकायतें कर सकते हैं ?
- क्या बच्चों को उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों और मामलों में भागीदारी करने का अवसर दिया जाता है?
- बच्चों के फ़ोटो खींचने या रिकॉर्डिंग करने के संबंध में क्या नीति है ?
- सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बच्चों के ऑनलाइन संवाद , उदाहरण के लिए सोशल मीडिया या ईमेल ,किस प्रकार प्रबंधित होते हैं ?
- बच्चों के बाहर जाने पर जोख़िम का मूल्यांकन और उनकी सुरक्षा करने के लिए कोई नीति? है उदाहरण के लिए ,सैर सपाटा या कैंप।
- संगठन कैसे दिखाता है कि वह विभिन्न पृष्ठभूमियों और परिस्थितियों वाले सभी परिवारों और बच्चों का स्वागत करता है और उन्हें सम्मिलित करता है ?

आपके मुलाकात करने के बाद

बच्चे वयस्कों के मुकाबले चीजों को बहुत अलग तरीके से देखते और अनुभव करते हैं।

आपके बच्चे के साथ चर्चा चालू करने के लिए कुछ प्रश्न हैं।

- क्या आपने और आपके बच्चे ने अपनी मुलाकात के समय आवभगत महसूस किया?
- आपको और आपके बच्चे को संगठन की क्या बात पसंद आई?
- आपको और आपके बच्चे को मुलाकात के समय क्या पसंद नहीं आया या क्या सहज महसूस नहीं हुआ?
- आपकेपासइससंगठनकेबारेमेंक्याअन्यप्रश्नयाचिंताएँहैं?

संगठन के साथ आपका संबंध अल्पकालिक या दीर्घकालिक हो सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संगठन आपके बच्चे के लिए सुरक्षित परिवेश प्रदान करता रहे ,संगठन के संपर्क में बने रहना तथा सूचित रहना महत्वपूर्ण है। आप निम्न कार्य करके ऐसा कर सकते हैं :

- कर्मचारी के साथ नियमित और प्रत्यक्ष संपर्क कायम रखना
- न्यूज़लेटर सब्सक्राइब करना
- सोशल मीडिया पर अनुसरण करना
- मीटिंग में भाग लेना ;समितियों या समूहों में शामिल रहना
- स्वयंसेवा करना ,या
- बाल सुरक्षा और स्वास्थ्य नीतियों की समीक्षाओं में भाग लेना।

आपके बच्चे और परिवार के साथ बात करने के साथ-साथ ,यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी चिंताएँ जाहिर करें। इसमें कर्मचारी या प्रबंधन के साथ बात करना ,प्रासंगिक निरीक्षण या पंजीकरण संस्थाएँ या सहायता सेवाएँ शामिल हो सकती हैं।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए प्रमुख संदेश

- **बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में बात करने में सहायता करें ,जिसमें उनका सुरक्षित रखने का अधिकार शामिल है**
- **बच्चों को सिखाएँ कि उन्हें क्या करना चाहिए जब वे असुरक्षित महसूस करें**
- **बच्चों से पूछें कि वे क्या सोचते हैं और कैसा महसूस करते हैं**
- **संगठनों का चयन ध्यानपूर्वक करें**
- **अपने बच्चे के संगठन से जुड़े रहें और प्रश्न पूछते रहें**
- **कर्मचारी और स्वयंसेवकों के बारे में जानें**
- **बाल सुरक्षा और स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में संगठन को फ़ीडबैक दें**
- **अपनी चिंताओं पर कार्यवाही करें – संगठन के भीतर और बाहर आवाज उठाएँ**

अधिक जानकारी

यह गाइड सभी विचारों की व्यापक सूची नहीं है। निम्नलिखित लिंक आगे की जानकारी और संसाधन प्रदान करते हैं

बच्चे के लिए सुरक्षित संगठन:बच्चे के लिए सुरक्षित संगठनों हेतु राष्ट्रीय सिद्धांतों पर जानकारी ,व्यावहारिक टूल्स और संसाधनों के लिए https://childsafe.humanrights.gov.au पर जाएँ। सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए , https://childsafe.humanrights.gov.au/support/support-services पर जाएँ।

बाल सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय कार्यालय https://pmc.gov.au/domestic-policy/national-office-child-safety।

राज्य और प्रदेश बाल सुरक्षा पहल और संसाधन https://childsafe.humanrights.gov.au/tools-resources/links-resources।

ई-सुरक्षा कमीशनर का कार्यालय: ऑनलाइन सुरक्षा पर जानकारी, व्यावहारिक टूल्स और संसाधनों के लिए, ई-सुरक्षा कमीशन के कार्यालय की वेबसाइट https://www.esafety.gov.au/ पर जाएँ।

ऑस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैमिली स्टडीज़: बाल उत्पीड़न और लापरवाही रोकथाम पर जानकारी और संसाधनों के लिए, https://aifs.gov.au/cfca/topics/web-resources-child-abuse-and-neglect-prevention पर जाएँ। बच्चों, युवा लोगों और माता-पिता हेतु हेल्पलाइन और टेलीफ़ोन परामर्श सेवाओं के लिए, https://aifs.gov.au/cfca/publications/helplines-and-telephone-counselling-services-children-young-people-and-pare पर जाएँ।

बच्चों का नेटवर्क बनाना: माता-पिता हेल्पलाइन के लिए, https://raisingchildren.net.au/grown-ups/services-support/about-services-support/helplines पर जाएँ और बाल स्वास्थ्य और कल्याण सेवाओं के लिए, https://raisingchildren.net.au/grown-ups/services-support/services-families/child-health-services पर जाएँ।